# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीतापुर

**अर्धवार्षिक परीक्षा ,सत्र -2025–26**

**समय – 2 घंटे 30 मिनट** **विषय –हिंदी** **अधिकतम अंक – 60अंक**

---

**सामान्य निर्देश :-**

1.निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।

2.यह प्रश्न चार खंडों में विभाजित है। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

3.खंड 'क' में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्न वैकल्पिक है।

4.खंड 'ख' में व्यवहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं।

5.खंड 'ग' में पाठ्यपुस्तक में संकलित पाठों पर आधारित प्रश्न पूछे गए है।

6.खंड 'घ' में रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न दिए हैं।

## खंड-क (अपठित बोध)

**1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **(5×1=5)**

मित्रता एक ऐसा संबंध है जो विश्वास, समझदारी और परस्पर आदर पर आधारित होता है। मित्रता न केवल व्यक्तिगत संबंधों को मजबूत बनाती है. बल्कि यह हमारे मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती है। सच्चे मित्र वो होते हैं जो एक-दूसरे के सुख-दुःख में साथ खड़े रहते हैं और बिना किसी स्वार्थ के मदद करते हैं। यह संबंध जीवन की हर परिस्थिति में एक सुरक्षा कवच की तरह काम करता है।

मित्रता का महत्व सिर्फ व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक और व्यावसायिक जीवन में भी इसकी अहमियत होती है। एक अच्छे मित्र के साथ विचारों का आदान-प्रदान करना, समस्याओं का हल ढूंढना, और चुनौतियों का सामना करना आसान हो

जाता है। मित्रता जीवन में आने वाले तनाव और चिंता को भी कम करती है, क्योंकि यह एक भावनात्मक सहारा प्रदान करती है।

मित्रता की नीव आपसी समझ, सम्मान और एक-दूसरे के प्रति ईमानदारी पर आधारित होती है। हालांकि, यह रिश्ता वक्त के साथ और भी मज़बूत होता जाता है. जब लोग एक-दूसरे की भावनाओं और आवश्यकताओं को समझते हैं। यह एक ऐसा संबंध है जो किसी भी सामाजिक, आर्थिक, या सांस्कृतिक सीमा से परे होता है. और यह बिना किसी शर्त के होता है। सच्चे मित्र जीवन को सरल और सुंदर बना देते हैं।

(क)कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिएः

कथन (A) मित्रता एक ऐसा संबंध है जो केवल स्वार्थ पर आधारित होता है।

कारण (R) सच्ची मित्रता आपसी सम्मान, समझ और बिना स्वार्थ के मदद पर आधारित होती है।

i. कथन (A) गलत है. किन्तु कारण ® सही है।

ii. कथन (A) और कारण ® दोनों ही गलत हैं।

iii. कथन (A) सही है और कारण ® कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) सही है किन्तु कारण ® कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ख) मित्रता के किन पहलुओं का संबंध मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य से है कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए:

I.मित्रता मानसिक तनाव को कम करती है।

II मित्रता में विचारों का आदान-प्रदान होता है।

III. मित्रता एक सुरक्षा कवच की तरह काम करती है।

IV. मित्रता स्वार्थ पर आधारित होती है।

विकल्प

i.कथन I और II सही है।

ii. कथन III और III सही है।

iii. कथन I. II. III और IV सही है।

iv. केवल कथन IV सही है।

(ग) नीचे दिए हुए कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कर सही विकल्प का चयन कीजिए

| कॉलम: 1 | कॉलम 2 |
| --- | --- |
| I.मित्रता का आधार | 1.समझदारी और सम्मान |
| II.मित्रता का लाभ | 2. भावनात्मक सहारा |
| III.सच्ची मित्रता | 3. जीवन के हर परिस्थिति में सहारा |

i. I(1), II (2) III (3)

ii. I(2),II (1). III (3)

iii. I (3), II (1) III (2)

iv. I (1), II (3), III (2)

(घ) मित्रता का सामाजिक और व्यावसायिक जीवन में क्या महत्व है?

(च) मित्रता को कैसे एक जीवन का सुरक्षा कवच कहा जा सकता है?

**प्रश्न 2 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (5×1=5)**

कर्ण की आँखों में

एक अपार वेदना थी,

पर फिर भी, उसका चेहरा

शौर्य और साहस से भरा था।

वह महाभारत के युद्ध में,

अपने जीवन का सबसे बड़ा संघर्ष

लड़ रहा था।

पांडवों की सेना से घिरा हुआ,

कर्ण के बाणों की बौछारे,

आकाश को गूंजायमान कर रही थी।

उसके भीतर की आग

उसके शत्रुओं को भी भयभीत कर रही थी।

धर्म, कर्म और नियति से बंधा हुआ,

कर्ण ने जीवनभर संघर्ष किया,

परंतु वह हार मानने वालों में से नहीं था।

उसकी वीरता, उसकी संकल्प शक्ति,

महाभारत की गाथा को अमर बना गई।

यह एक ऐसा योद्धा था.

जो स्वयं अपनी नियति से लड़ रहा था।

(क)इस काव्याश में किस योद्धा का वर्णन किया गया है?

i.अर्जुन

ii.भीम

iii. कर्ण

iv. दुर्योधन

(ख)इस काव्यांश में योद्धा के किन गुणों का उल्लेख किया गया है?

उचित विकल्प का चयन कीजिए:

I.साहस और शौर्य

II. हार न मानने का दृढ संकल्प

III. अपनी नियति से संघर्ष

IV. शत्रुओं से भयभीत होना

विकल्पः

i.कथन 1 और IV सही है।

ii.कथन 1. 11 और III सही है।

iii. कथन II III और IV सही है।

iv. कथन 1. III और IV सही है।

(ग)कथन (A) और कारण ® को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिएः

कथन (A) कर्ण के भीतर की आग उसके शत्रुओं को भयभीत कर रही थी।

कारण ®: कर्ण ने अपने जीवन में कई संघर्ष किए, लेकिन हार नहीं मानी।

i.कथन (A) और कारण (B) दोनों ही गलत हैं।

ii. कथन (A) गलत है, किन्तु कारण ® सही है।

iii. कथन (A) सही है और कारण ® कथन (A) की सही व्याख्या है।

iv. कथन (A) सही है, किन्तु कारण ® कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) इस काव्याश में कर्ण के संघर्ष और वीरता को कवि ने किस प्रकार प्रस्तुत किया है?

(च) कर्ण का जीवन संघर्ष से भरा रहा, परंतु उसने हार क्यों नहीं मानी?

## खंड-ख व्याकरणिक बोध

**प्रश्न 3. व्याकरण आधारित बहुविकल्पीय व लघुत्तरीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखें। (1×15=15)**

1. नीचे दिए शब्दों में से किसमें जातिवाचक संज्ञा है?

क) दिल्ली

ख) राजा

ग) गंगा

घ) मोहन

2.'पुस्तकालय' किस प्रकार की संज्ञा है?

क) भाववाचक

ख) जातिवाचक

ग) व्यक्तिवाचक

घ) सामूहिक

3. 'स्वयं' किस सर्वनाम का उदाहरण है?

क) निजवाचक

ख) आत्मवाचक

ग) प्रश्नवाचक

घ) संकेतवाचक

4. 'जो मेहनत करता है वही सफल होता है।' यहाँ कौन-सा सर्वनाम है?

क) प्रश्नवाचक

ख) संबंधवाचक

ग) निजवाचक

घ) संकेतवाचक

5. “राम फल खाता है।” यहाँ कौन-सी क्रिया है?

क) अकर्मक

ख) सकर्मक

ग) सहायक

घ) निषेधात्मक

6. ‘क, ख, ग, घ’ किस वर्ग के वर्ण हैं?

क) तालव्य

ख) कंठ्य

ग) मूर्धन्य

घ) ओष्ठ्य

7. “दो लड़के” में कौन-सा विशेषण है?

क) परिमाणवाचक

ख) संख्यावाचक

ग) गुणवाचक

घ) संबंधवाचक

8. भाववाचक संज्ञा की परिभाषा लिखिए और एक उदाहरण दीजिए।

9. संकेतवाचक और प्रश्नवाचक सर्वनाम में अंतर स्पष्ट कीजिए। व 1-1 उदाहरण देकर स्पष्ट करें।

10. वाक्य से विशेषण चुनकर उसका भेद लिखिए -

“सात अच्छे विद्यार्थी कक्षा में बैठे थे।”

11. क्रिया की परिभाषा लिखिए और दो उदाहरण दीजिए।

12. सकर्मक और अकर्मक क्रिया में अंतर स्पष्ट कीजिए।

13. स्वर और व्यंजन में अंतर स्पष्ट कीजिए।

14. तलवार के 2 समानार्थी शब्द लिखिए।

15. ऊष्म वर्ण कौन से हैं? उदाहरण लिखिए।

## खंड - ग (पाठ्यपुस्तक आधारित प्रश्न)

**प्रश्न 4 निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (5×1=5)**

अब एक दिन दो गौरैया सीधी अंदर घुस आईं और बिना पूछे उड़-उड़कर मकान देखने लगीं। पिताजी कहने लगे कि मकान का निरीक्षण कर रही हैं कि उनके रहने योग्य है या नहीं। कभी वे किसी रोशनदान पर जा बैठतीं, तो कभी खिड़की पर। फिर जैसे आई थीं वैसे ही उड़ भी गईं। पर दो दिन बाद हमने क्या देखा कि बैठक की छत में लगे पंखे के गोले में उन्होंने अपना बिछावन बिछा लिया है और सामान भी ले आईं हैं और मजे से दोनों बैठी गाना गा रही हैं। जाहिर है, उन्हें घर पसंद आ गया था।

1. दो गौरैया मकान के अंदर क्यों आईं?

क) खाने की तलाश में

ख) पानी पीने के लिए

ग) घर का निरीक्षण करने

घ) खेल-कूद करने

2. गौरैया कभी रोशनदान पर तो कभी खिड़की पर क्यों जा बैठती थीं?

क) जगह बदलने की आदत से

ख) मकान के हर हिस्से को परखने के लिए

ग) आराम करने के लिए

घ) बच्चों को बुलाने के लिए

3.दो दिन बाद गौरैयों ने कहाँ घर बनाया?

क) खिड़की के पास

ख) रोशनदान पर

ग) पंखे के गोले में

घ) छत के कोने में

4. लेखक ने गौरैयों का गाना गाना किस दृष्टि से बताया है?

क) मनोरंजन के लिए

ख) खुशी और संतोष का प्रतीक

ग) मकान की सुंदरता का वर्णन

घ) पंखे की आवाज़ से ताल मिलाना

5. गद्यांश से हमें कौन-सा मूल्य स्पष्ट होता है?

क) पक्षियों को घर से भगाना चाहिए

ख) मनुष्य और पक्षियों का सह-अस्तित्व सुखद है

ग) मकान हमेशा खाली रखना चाहिए

घ) पंखे का प्रयोग कम करना चाहिए

**प्रश्न 5 निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (5×1=5)**

जिसकी मिट्टी में उगे बढ़े,

पाया जिसमें दाना-पानी।

हैं माता-पिता बंधु जिसमें,

हम हैं जिसके राजा-रानी।।

जिसने कि खजाने खोले हैं,

नव रत्न दिये हैं लासानी।

जिस पर ज्ञानी भी मरते हैं,

जिस पर है दुनिया दीवानी।।

उस पर है नहीं पसीजा जो,

क्या है वह भू का भार नहीं।

निश्चित है निस्संशय निश्चित,

है जान एक दिन जाने को।

1.'नव रत्न दिये हैं लासानी' पंक्ति से कवि क्या कहना चाहता है?

क) देश ने प्राकृतिक और सांस्कृतिक संपदा दी है

ख) देश में केवल रत्न पाए जाते हैं

ग) रत्न सबसे मूल्यवान हैं

घ) कवि रत्नों का व्यापारी है

2. 'जिस पर ज्ञानी भी मरते हैं' का अर्थ है–

क) ज्ञानी लोग मर जाते हैं

ख) ज्ञानी लोग उसकी स्तुति करते हैं

ग) ज्ञानी लोग उससे घृणा करते हैं

घ) ज्ञानी लोग उसका परित्याग करते हैं

3. 'निश्चित है निस्संशय निश्चित' पंक्ति किस सत्य की ओर संकेत करती है?

क) मृत्यु की अनिवार्यता

ख) जीवन की सुंदरता

ग) ज्ञान की महत्ता

घ) धन की अस्थिरता

4. कवि ने देश को 'राजा-रानी', 'खजाने', 'रत्न', और 'ज्ञानी' से क्यों जोड़ा है?

क) ताकि बच्चों को पढ़ाई में आसानी हो

ख) देश की महानता और समृद्धि को दर्शाने के लिए

ग) देश की तुलना परिवार से करने के लिए

घ) केवल अलंकार दिखाने के लिए

5. इस कविता से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

क) मृत्यु से डरना चाहिए

ख) देश की उपेक्षा करनी चाहिए

ग) मातृभूमि का सम्मान और प्रेम करना चाहिए

घ) केवल धन कमाना चाहिए

**प्रश्न 6. मल्हार के पाठों पर आधारित प्रश्नों में से किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2×5=10)**

1. संसार- संग चलने से आप क्या समझते हैं? जो व्यक्ति संसार संग नहीं चलता, संसार उसका क्यों नहीं हो पाता है?
2. हरिद्वार यात्रा का क्या महत्त्व है, अपने शब्दों में लिखिए |
3. हरिद्वार जाकर भारतेंदु जी को क्या अनुभूति हुई ??

4. लेखक के घर में चिड़िया ने अपना घोंसला कहाँ बनाया? उसने घोंसला वहीं क्यों बनाया होगा ?
5. "अब मैं हार मानने वाला आदमी नहीं हूं।" इस कथन से पिताजी के स्वभाव के कौन से गुण उभरकर आते है?
6. यदि आप किसी को आशीर्वाद देना चाहते हो तो आप किसे और क्या आशीर्वाद दोगे और क्यों

**खंड - घ रचनात्मक लेखन**

**प्रश्न 7 निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए- (5)**

**1)जीवन में सत्संग का महत्व**

[संकेत बिंदु (सत्संग क्या है) (सत्संग दुर्लभ) (सत्संग के लाभ)

**2) यात्रा जिसे मैं भूल नहीं पाता**

[ संकेत बिंदु (कहाँ की यात्रा) (विशेष घटना का वर्णन) (अविस्मरणीय कैसे?)

**3) महानगरीय जीवन-एक वरदान या अभिशाप**

सिंकेत बिंदु (शहरों की ओर बढ़ते कदम (दिवास्वप्न) (वरदान रूप) (महानगरीय जीवन-एक अभिशाप

**प्रश्न 8. किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए - (5)**

आपके विद्यालय में खेल सुविधाएँ बहुत कम है। अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए, जिसमें खेल संबंधी सुविधाएँ उपलब्ध कराने की प्रार्थना की गई हो

**अथवा**

रेल में यात्रा करते समय आपका सामान चोरी हो गया था। खोए हुए सामान की जानकारी देते हुए सुरक्षा आयुक्त, मंडल कार्यालय नई दिल्ली को पत्र लिखिए।

**प्रश्न 9. निम्न में से किसी एक विषय पर संवाद लिखिए। (5)**

1)घर देर से आने पर मां और बेटे के बीच संवाद

2) अध्यापक और छात्र के मध्य संवाद

3) गौरैया और लड़की के मध्य संवाद